[Shri Skariah Thomas]

smooth and trouble-free telephonic communications with distant markets. This ultimately affects the development of this area.

Therefore, I would request the Government to convert the present exchange at Pathanapuram into an automatic exchange and thus fulfil the promise given to the subscribers by the telephone authorities five years ago.

(vii) Need for providing telephones in houses of doctors of safdarjung Hospital who are dealing with Neuro-surgery cases

श्री जगपाल सिंह (हरिद्वार) : सफदरजंग अस्पताल नई दिल्ली में न्यूरो सर्जरी का एक बहुत महत्वपूर्ण वार्ड है जहां पर सिर की चोटों व कैंसर का इलाज व आपरेशन होता है। दुर्घटना में लगी सिर की चोटों का तुरन्त इलाज होना जरूरी है। इस अस्पताल में इस बीमारी के इलाज के लिए एक ही महत्वपूर्ण एवं मशहूर डाक्टर रह गए हैं, लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि आज तक देश-विदेश में शिक्षा पाये डाक्टरों के यहां टेलीफोन तक की व्यवस्था नहीं है जिस के कारण बहुत से मरीज सीनियर डाक्टर के न जाने के कारण दम तोड़ देते हैं। सफदरजंग के सात डाक्टरों के टेलीफोन लगाने के लिए वित्त मंत्रालय में फाइल पड़ी है, लेकिन आज तक इस मंत्रालय ने सातों डाक्टरों की अपनी इस फाइल पर स्वीकृति नहीं दी है।

इसलिए मैं मांग करता हूं कि सफदरजंग अस्पताल के सात डाक्टरों के यहां तुरन्त टेलीफोन लगाने की व्यवस्था की जाय, ताकि भविष्य में मरीजों को तुरन्त व अच्छे डाक्टर उपलब्ध कराये जा सके और उन के इलाज से मरीजों को जीवन दान मिल सके।

(viii) Functioning of I.D.P.L. and incident of explosion in its plant at Muzaffarpur

श्री राम विलास पासवान (हाजीपुर) : मैं अत्यंत लोक महत्व के विषय की ओर सदन का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं। देश में आई० डी० पी० एल० की स्थिति दिनों दिन खराब होती जा रही है। इस उद्योग की स्थापना का मुख्य उद्देश्य बहु-राष्ट्रीय कम्पनी को धीरे धीरे समाप्त कर औषधि के मामले में देश को आत्मनिर्भर करना है। लेकिन अफसोस है कि आई० डी० पी० एल० का कार्य संतोषजनक नहीं है।

पिछले 20 नवम्बर 83 को मुजफ्फरपुर आई० डी० पी० एल० प्लांट मुजफ्फरपुर में भयंकर विस्फोट हुआ जिस में एक करोड़ रुपये से ज्यादा की क्षति हुई। 20 व्यक्ति घायल हुए जिस में 5 व्यक्तियों की स्थिति चिंताजनक हैं। जिस समय विस्फोट हुआ उस समय कोई मैनेजर वहां मौजूद नही थे। प्लांट में सुरक्षा की कोई व्यवस्था नहीं है।

अतः सरकार से मांग है कि सरकार घायल व्यक्तियों को अविलम्ब मुआवजा दे। प्लांट में सुरक्षा की व्यवस्था की जाय। आई० डी० पी० एल० के कार्यों की एवं विस्फोट की घटना की जांच करायी जाय।

(ix) Lay-off in Ideal Dairy Raniwada (Rajasthan) resulting in hardship to poor milk producing farmers

श्री नाथूराम मिर्धा (नागौर) : मैं नियम